-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 20.09.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस पेंशनर्स के साथ की मीटिंग। पेंशनर्स की समस्याएं सुन उनके निस्तारण हेतु संबंधित को किया गया निर्देशित। पुलिस पेंशनर्स को यूपी पुलिस द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए चलाई जा रही "सवेरा योजना" के बारे में दी गई जानकारी।**

विवरण- आज दिनांक 20.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा पुलिस लाइन सभागार में पुलिस पेंशनर्स के साथ मीटिंग की गई। मीटिंग में पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं को सुन उनके शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक बांदा ने पुलिस पेंशनर्स से अपील कि वे सभी नौकरी से रिटायर हुए हैं सेवा से नहीं, आज भी कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाएं रखने तथा अपराधों पर कार्यवाही करने में उनके अहम योगदान कि आवश्यकता है। उन्होनें पेंशनर्स को यूपी-112 की ओर से वरिष्ठ नागरिकों के हित में चलाई जा रही "सवेरा योजना" के बारे में जानकारी दी गई तथा अपील की गई कि सभी ज्यादा से ज्यादा इस पर रजिस्ट्रेशन कर लें। सवेरा योजना के तहत यूपी-112 वरिष्ठ नागरिकों के देखभाल की जिम्मेदारी लेती है तथा किसी भी आपातकालीन स्थिति में सभी सेवाएं उन तक पहुंचायी जाती हैं, उन्होने अन्य बुजुर्ग लोगों को भी इस संबंध में जागरुक करने के लिए कहा